

मेट्रो का शुभारंभ मिंटो हॉल में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में अतिथियों ने रिमोट का बटन दबाकर किया



शुभारंभ के बाद मेट्रो पहली बार शहर में कुछ इस तरह दौड़ती नजर आई

# भोपाल के साथ इंदौर में भी बनेगा अंडरग्राउंड ट्रैक

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 20 दिसंबर. इंदौर में अंडरग्राउंड मेट्रो की भी सहमति शनिवार को मिल गई है. इंदौर में खजराना से एयरपोर्ट तक अंडरग्राउंड ट्रैक बनेगा. 8.7 किमी लंबे ट्रैक में कुल 7 स्टेशन होंगे.**

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस संबंध में राज्य सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है. दरअसल इस मामले को लेकर लंबे समय से केंद्र और राज्य सरकार के अफसरों के बीच गतिरोध की स्थिति बनी हुई थी. राज्य सरकार इंदौर के चुनिंदा क्षेत्रों में अंडरग्राउंड नेटवर्क तैयार करने के पक्ष में थी, वहीं केंद्र इसके पक्ष में नहीं था. आखिरकार अब जाकर इस मामले में सहमति बन गई है. इसकी जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में भोपाल मेट्रो के शुभारंभ के मौके पर संबोधन के दौरान साझा की. बाद में केंद्रीय मंत्री ने भी इस मामले में स्थिति साफ की और कहा कि उन्होंने मप्र के अफसरों के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है. अब जो भी खर्च आएगा, उसे केंद्र और राज्य बाद में तय कर लेंगे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मप्र सभी क्षेत्रों में विकास कर रहा है. केंद्र ने इंदौर से मनमाड के लिए रेल लाइन की स्वीकृति दी थी, इस मंजूरी से मप्र लाभान्वित होगा. इस कार्य पर 18,500 करोड़ रुपए व्यय होंगे. इसके साथ ही उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड हाइवे और आगरा-ग्वालियर हाई-स्पीड कॉरिडोर परियोजनाएं मध्यप्रदेश को लाभान्वित करेंगी.

केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री खट्टर ने कहा कि यातायात के बड़े और महत्वपूर्ण साधन के रूप में मेट्रो ट्रेन का योगदान है. भारत सरकार द्वारा प्रदूषण से बचाव के लिए ई बसों के चलन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है. लगभग 10,000 ई-बसें प्रारंभ होना है, जो बड़े नगरों को प्रदान की जाएगी. कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, राजस्थान के मंत्री झाबर सिंह खर्रा, उत्तरप्रदेश के मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा एवं राज्यमंत्री राकेश राठौर भी शामिल हुए.

यहां बता दें कि राजधानी भोपाल में अंडरग्राउंड ट्रैक होगा, लगभग 3.39 किमी लंबे इस ट्रैक के लिये ही आरा मशीनों और दूसरे अतिक्रमण को हटाया जा रहा है. भोपाल में अंडरग्राउंड का रास्ता अब लगभग साफ है. इस प्रोजेक्ट पर 890 करोड़ रुपये खर्च होंगे. ये रूट आरेंज लाइन में सुभाष नगर से करोंद के बीच है, जो कि दूसरे फेज का हिस्सा है. इसकी लंबाई कुल 8.77 किमी है. इसमें दो स्टेशन नादरा और भोपाल रेलवे स्टेशन अंडरग्राउंड होंगे.



ऐसा है हमारा मेट्रो मॉडल



मेट्रो की पहली यात्रा में माननीय

### मप्र के लिये यही समय है, जो सही समय है : पीएम मोदी

भोपाल में मेट्रो ट्रेन के शुभारंभ के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि हमारा निरंतर प्रयास है कि मध्यप्रदेश विकास की नई बुलंदियों को छुए. मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद विकास की गति डबल हो गई है. इंफ्रास्ट्रक्चर विकास का लाभ मध्यप्रदेश को मिला है. यही समय है जो सही समय भी है. वर्ष 2014 में मेट्रो ट्रेन 4 शहरों तक सीमित थी. अब दो दर्जन से अधिक शहरों में एक हजार किलोमीटर से अधिक का मेट्रो ट्रेक है. भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क वाला देश है. भोपाल में 7 किलोमीटर के मेट्रो ट्रेक का शुभारंभ से शहरी विकास को नए आयाम मिले हैं.

### मेट्रो और स्टेशन को फूलों से सजाया गया

राजधानी के पहले मेट्रो को दुल्हन की तरह फूलों से सजाया गया था. इस मेट्रो में तीन कोच है, जिसे आने वाले समय में बढ़ाकर 6 तक किया जाएगा. इधर मेट्रो की तरह मेट्रो स्टेशन को भी फूलों से सजाया गया था. विशेष रूप से सुभाष नगर और एम्स स्टेशन में फूलों के वंदनवार लगाये गये थे, वहीं जगह- जगह फूलों से आकर्षक सज्जा की गई थी. मेट्रो से देखने पर पता चल रहा था कि बाकी स्टेशनों के कुछ एरिया में फाइनल टच का काम बाकी है. मेट्रो में सफर के दौरान यात्रा पूरी तरह स्मूथ रही, ट्रेन के रूकने या चलने पर किसी तरह का जर्क महसूस नहीं हुआ. मेट्रो को बिजली की सप्लाई पटरियों के किनारे लगे सिस्टम से दी जाएगी.

## भोजपाल मेट्रो हो नाम : सांसद शर्मा



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 20 दिसंबर. औपचारिक शुभारंभ के साथ ही भोपाल मेट्रो के नामकरण को लेकर राजनीति भी शुरू हो गयी है. भोपाल के सांसद आलोक शर्मा ने भोपाल मेट्रो का नाम भोजपाल मेट्रो रखने की पुरजोर मांग उठायी है.**

सांसद शर्मा का कहना है कि मेट्रो के भूमिपूजन कार्यक्रम में तत्कालीन सीएम कमलनाथ ने बतौर महापौर मेरे प्रस्ताव पर भोपाल की बजाए, भोजपाल मेट्रो के नामकरण की मंच से ही सहमति दी थी. कमलनाथ की सहमति का उनकी ही पार्टी के विधायक आरिफ मसूद ने तब विरोध किया. उसी विधायक को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाने से परहेज है. सांसद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर से भोपाल मेट्रो का नाम भोजपाल मेट्रो करने की मांग की है.

### कमलनाथ ने दी बधाई



**भोपाल. कांग्रेस नेता** कमलनाथ ने मेट्रो के शुभारंभ पर नागरिकों को बधाई दी है. उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि केंद्रीय मंत्री के रूप में मैंने जो पहल की थी व मुख्यमंत्री के रूप में जिसका शिलांयास किया था, आज वह मूर्त रूप ले रही है.

## तीन शराब तस्कर गिरफ्तार

- कार में मिली शराब की 19 पेटियां
- गोदाम से 888 पेटियां जब्त कर की गयीं सील

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 20 दिसंबर. क्राइम ब्रांच पुलिस ने अशोका गार्डन इलाके में अवैध शराब तस्करी का खुलासा किया. एकतापुरी में पुलिस ने 19 पेटियों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस ने इस मौके पर एक गोडाउन को सील करते हुए एक वाहन भी जब्त किया है. एकतापुरी मैदान के पास काले रंग की कार से अवैध रूप से अंग्रेजी शराब ले जाई जा रही थी. मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने कार में बैठे व्यक्तियों को घेराबंदी कर हिरासत में लिया. पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपने नाम राजेश मीणा (32) रामा अहिरवार (25) और गजेन्द्र रावत (35) वर्ष बताए. कार की तलाशी के दौरान पीछे की सीट और डिग्गी में 19 पेटियां अंग्रेजी शराब और बीयर की मिली. कुल 176.28 लीटर अवैध शराब मिली. पकड़ी गई शराब की अनुमानित कीमत करीब 6 लाख रुपए आंकी गई है. क्राइम ब्रांच की पूछताछ में आरोपी गजेन्द्र ने शराब अवैध रूप से गोदाम में रखने और सप्लाई करने की जानकारी दी.

## छह राउंड बाद भी 950 से अधिक सीटें खाली

**आयुष यूजी नीट 2025-26 की काउंसलिंग**

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 20 दिसंबर. प्रदेश सहित देशभर में आयुष कॉलेजों की संख्या लगातार बढ़ रही है. लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता कमजोर होने से छात्रों की रुचि घट रही है.**

मध्यप्रदेश में आयुष यूजी नीट 2025-26 काउंसलिंग के छह राउंड पूरे होने के बाद भी 950 से अधिक सीटें खाली रह गई हैं. स्ट्रे वेकेंसी के थर्ड राउंड तक प्रदेश में 1239 आयुष सीटें खाली थीं, जिनमें केवल दो से ढाई सौ सीटों पर ही प्रवेश हो सका. प्रदेश में आयुर्वेद होम्योपैथी और यूनानी के 63 कॉलेज संचालित हैं, जिनमें साढ़े चार हजार से ज्यादा सीटें हैं. देशभर में आयुष के 877 से अधिक कॉलेजों में लगभग 50 हजार यूजी सीटें हैं, जिनमें करीब 10 हजार सीटें अब भी रिक्त हैं.

आयुष नीट काउंसलिंग में प्रदेश से लगभग 7 हजार छात्रों ने पंजीयन कराया था.

**दुष्कर्म** बजरंग दल ने आरोपी को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

## राजधानी में मासूम से दरिंदगी

**07 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म**

- पहले टॉफी का लालच देकर अपने पास बुलाया
- डराकर कहा- किसी को बताया तो ठीक नहीं होगा

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 20 दिसंबर. अशोका गार्डन थाना इलाके में एक 7 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला शनिवार को सामने आया. आरोपी पार्क में खेल रही मासूम को अपने साथ ले गया और गलत काम किया. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.**

आरोपी नरेंद्र राजपूत ने पार्क में खेल रही बच्ची को पहले टॉफी का लालच देकर अपने पास बुलाया. इसके बाद आरोपी ने उसे अपने घर ले जाकर रेप किया. पीड़ित बच्ची को डराकर कहा- किसी को कुछ बताया तो ठीक नहीं होगा. आरोपी करीब एक घंटे के बाद बच्ची को उसके घर के पास छोड़कर फरार हो गया. बच्ची ने अपनी आपबीती मां को बताई. इसके बाद परिजनों ने थाने में सूचना दी. पुलिस ने बच्ची का हमीदिया अस्पताल में मेडिकल कराया. दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया. आरोपी को पकड़वाने में बजरंग दल की सराहनीय भूमिका रही. वारदात की जानकारी सामने आने के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोपी नरेंद्र को तलाशा. इसके बाद आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया. आरोपी ने पूछताछ के दौरान जुर्म कबूला. आरोपी ने बताया कि उसने देर रात को अश्लील वीडियो देखा था. इसके बाद आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया.

### उज्जैन में मिले नवोदय विद्यालय से लापता छात्र

**भोपाल.** रातीबड़ थाना पुलिस ने जवाहर नवोदय विद्यालय से गायब दोनों छात्रों को उनके परिजनों के हवाले शनिवार को कर दिया. गुमशुदा दोनों छात्र भाग कर उज्जैन पहुंच गए थे, जिनकी तलाश पूरी कर ली गई. छात्रों के मिलने पर उनके परिजनों ने खुशी जाहिर की. बता दें कि गुमशुदा छात्र धीरज गुर्जर (15) और अंकित गुर्जर (14) के विद्यालय से 13 दिसंबर से नहीं दिखने की जानकारी सामने आई. मामले की सूचना रातीबड़ थाना पुलिस को दी गई.


एन बी सी सी NBCC A Navratna CPSE
ASPIRE

माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली
आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से

**एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड** द्वारा निष्पादित

**ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री**



**एस्पायर सिलिकॉन सिटी**

**फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश**
मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो हैं तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 25 मिनट



**एस्पायर लेज़र पार्क**

**टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश**
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट



**एस्पायर लेज़र वैली**

**टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश**
मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 35 मिनट



**एस्पायर सेंचुरियन पार्क**

**टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश**
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

**ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 27.12.2025**
**ई-नीलामी 29.12.2025 को आयोजित की जाएगी**
**ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक**
**7 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है**

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें:
**www.nbccindia.in I www.receiveramrapali.in**
**या कॉल करें : 9772907414**

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यूआर स्कैन करें: